स्वतंत्रता -दिवस समारोह

दिनांक 15/08/2019 को सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय भोपाल के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह से मनाया गया |

सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के.के. द्वारा ध्वजारोहण किया गया |ध्वज को सलामी देते हुए राष्ट्रगान से सारा प्रांगण देशभक्ति के भावो से सराबोर हो उठा | इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वाराप्रभावी लघु नाटिका प्रस्तुत की गई| साथ ही प्राथमिक विभाग एवं हिंदी विभाग के छात्रों द्वारा देश भक्ति गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किये गए,जिसने सभी के ह्रदय पर देशभक्ति की अमिट छाप अंकित की | उत्तम भाषण की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया | अंत में प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में छात्रों को देशभक्ति एवं सुमार्ग पर चलने के लिए मार्गदर्शित किया |

अंत में विद्यालय' के हेड बॉय एवं हेड गर्ल द्वारा आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम का समापन किया गया |